मसीह का रूपान्तरण

मत्ती 17:1-8 में एक आश्चर्यजनक घटना दर्ज है:

> छह दिन के बाद यीशु ने पतरस और याकूब और उसके भाई यूहन्ना को साथ लिया, और उन्हें एकान्त में किसी ऊंचे पहाड़ पर ले गया। और उनके साम्हने उसका रूपान्तर हुआ और उस का मुंह सूर्य की नाईं चमका और उसका वस्त्र ज्योति की नाईं उजला हो गया। और देखो, मूसा और एलिय्याह उसके साथ बातें करते हुए उन्हें दिखाई दिए। इस पर पतरस ने यीशु से कहा, हे प्रभु हमारा यहां रहना अच्छा है। इच्छा हो तो यहां तीन मण्डप बनाऊं; एक तेरे लिए, एक मूसा के लिए और एक एलिय्याह के लिए। वह बोल ही रहा था, कि देखो; एक उजले बादल ने उन्हें छा लिया। और देखो, उस बादल में से यह शब्द निकला, यह मेरा प्रिय पुत्र है जिस से मैं प्रसन्न हूं, इसकी सुनो। चेले यह सुनकर मुंह के बल गिर गए और अत्यन्त डर गए। यीशु ने पास आकर उन्हें छुआ, और कहा, उठो, डरो मत। तब उन्होंने अपनी आंखें उठाकर यीशु को छोड़ और किसी को न देखा।[1]

यीशु के रूपान्तरण का दृश्य समस्त पवित्र इतिहास में सबसे शानदार दृश्यों में से एक है। यह दृश्य यीशु द्वारा अपनी कलीसिया बनाने की प्रतिज्ञा किए जाने के लगभग एक सप्ताह बाद हुआ था (मत्ती 16:18)। यह घटना एक पहाड़ पर घटी थी जो सम्भवत: कैसरिया, फिलिप्पी और यरूशलेम के मार्ग में था। यीशु ने तीन गवाहों, पतरस, याकूब और यूहन्ना को साथ लिया। इन तीनों को दूसरे अवसरों के लिए भी विशेष रूप से चुना गया था।[2] सभी प्रेरितों में से, उस उद्देश्य के लिए जो यीशु के मन में था शायद ये तीनों तन और मन से पूरी तरह तैयार थे। पौलुस ने बाद में इन तीनों के लिए कहा कि ये ''खम्भे समझे जाते थे'' (गलतियों 2:9)। उनके चुने जाने का कोई भी कारण रहा हो, परन्तु ये तीनों ही इस अवसर पर यीशु के साथ प्रार्थना करने के लिए पहाड़ पर गए थे।

यीशु का रुपान्तरण हुआ

जब यीशु प्रार्थना कर रहा था, तो उसका रूप बदल गया। उसका रूप महिमायुक्त हो गया। इससे उस रहस्य की बात का कुछ पता चलता है जिसमें अपने पूर्व अस्तित्व में वह

लिपटा हुआ था, और उस गौरव का जो महिमा पाने के बाद उसको मिलने वाला था। स्वर्गीय क्षेत्र के निवासियों का रूप अद्वितीय महिमा युक्त होता है। प्रभु से मिलने के बाद मूसा का मुंह चमक उठा था (निर्गमन 34:29)। तरसुस के शाऊल ने यीशु के दर्शन में एक रोशनी ''सूर्य के तेज से भी बढ़कर'' देखी थी (प्रेरितों 26:13)। पतमुस पर यूहन्ना ने यीशु का जो रूप देखा, वह वास्तव में विचार करने वाली अद्‌भुत बात है (प्रकाशितवाक्य 1)। रूपान्तरण के समय यीशु का चेहरा सूर्य के जैसा चमकदार था, और उसके वस्त्र अत्यन्त सफेद हो गए थे। अवश्य ही यह दृश्य अद्‌भुत होगा।

मूसा और एलिय्याह दिखाई दिए

जब पतरस, याकूब और यूहन्ना यीशु की ओर देख रहे थे, तो ''देखो, ... दो पुरुष उसके साथ बातें कर रहे थे'' (लूका 9:30)। मूसा और एलिय्याह की विदाई के साथ कुछ रहस्य जुड़ा हुआ था। मूसा प्रतिज्ञा किए हुए देश की सीमा पर मरा था, परन्तु उसे मनुष्य के हाथों दफ़नाया नहीं गया था। वास्तव में, यहूदा 9 मूसा की लाश पर शैतान और प्रधान स्वर्गदूत मीकाइल के बीच हुए झगड़े की उलझन भरी बात बताता है। यहूदा ने इसे विस्तार से नहीं बताया, और इसका उल्लेख कहीं और भी नहीं है। मूसा के अन्तिम विश्रामस्थल का कोई अता-पता नहीं था (व्यवस्थाविवरण 34:6)।

एलिय्याह मसीह से लगभग एक हज़ार वर्ष पूर्व इस पृथ्वी पर रहता था। वह पुराने नियम के उन दो लोगों में से एक था जिन्हें उठा लिया[3] गया था। नियत समय पर, आकाश से आग का एक रथ आया और एलिय्याह को इस संसार से ले गया था (2 राजा 2:11)।

प्रभु के रूपान्तरण के समय, मूसा की मृत्यु के पन्द्रह सौ वर्ष पश्चात और एलिय्याह के जाने के एक हज़ार वर्ष पश्चात, वे पहाड़ पर यीशु के साथ बातें करते दिखाई दिए थे। यह अनश्वरता का प्रमाण है! मुर्दे मरे नहीं हैं! वे किसी हाल में जीवित हैं! मनुष्य में कुछ है जिसका अस्तित्व कभी समाप्त नहीं होगा।

दो मनुष्य पृथ्वी पर से अपने जाने के सदियों बाद मसीह से बातें कर रहे थे। क्या बातें कर रहे थे? हमें अनुमान लगाने की आवश्यकता नहीं है। वे यीशु की आने वाली मृत्यु के बारे में बातें कर रहे थे (लूका 9:31), जो कि मनुष्य का ध्यान खींचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात थी। युगों पुराने इन लोगों की इस बात में दिलचस्पी क्यों होगी? इसका उत्तर इब्रानियों 9:15 में मिलता है: उसका लहू पापों की क्षमा के लिए आगे और पीछे की तरफ बहा।

आकाश से एक वाणी आई

पहले, ये तीनों प्रेरित नींद से भरे हुए थे (लूका 9:32); परन्तु वे जाग रहे थे और उनकी दिलचस्पी शीघ्र ही जग गई थी। पतरस ने यह उत्साहपूर्ण प्रस्ताव रखा: ''इस पर पतरस ने यीशु से कहा, हे प्रभु हमारा यहां रहना अच्छा है। इच्छा हो तो यहां तीन मण्डप बनाऊं; एक तेरे लिए, एक मूसा के लिए और एक एलिय्याह के लिए'' (मत्ती 17:4)। ऐसे

लगता है जैसे वह तीनों को बराबर सम्मान देना चाहता हो। यीशु ने उसे डांटा नहीं; उसे समझाने के लिए और प्रभावशाली ढंग का इस्तेमाल किया जाना था। एक उजले बादल ने उन्हें घेर लिया और परमेश्वर की वाणी सुनाई दी: ''यह मेरा प्रिय पुत्र है ... इसकी सुनो!'' (मत्ती 17:5)। पतरस को यह बात जीवन भर याद रही होगी। करीब एक पीढ़ी के बाद उसने इस बात का उल्लेख किया (2 पतरस 1:16-18)।

इसका क्या अर्थ था? मूसा और एलिय्याह पुराने नियम के पूर्ण काल का प्रतिनिधित्व करते थे। मूसा व्यवस्था का प्रतिनिधि था; एलिय्याह नबियों का प्रतिनिधि था। स्वयं यीशु ने इस बात को ''व्यवस्था और भविष्यवक्ताओं'' (मत्ती 7:12) वाक्यांश में संक्षिप्त किया। एक समय था जब मूसा और भविष्यवक्ताओं का अधिकार माना जाता था। रूपान्तरण के समय, प्रेरितों को मसीह की सुनने के लिए कहा गया। परमेश्वर भविष्यवक्ताओं के द्वारा बात करता था, परन्तु इन दिनों में उसने हमारे साथ अपने पुत्र के द्वारा बात की है (इब्रानियों 1:1, 2)।

रूपान्तरण के आस-पास की घटनाएं बड़े ज़ोरदार ढंग से सिखाती हैं कि पुराने नियम को एक ओर रख दिया गया है। पतरस को यह बात सिखानी अति आवश्यक थी और यही मुद्दा बाद में पौलुस की बड़ी-बड़ी लड़ाइयों में छाया रहा। आज भी इस शिक्षा की आवश्यकता है। आज भी लोग धर्म में मूसा के स्वर को सुनने पर ज़ोर देते हैं। परमेश्वर ने कह दिया है, ''यह मेरा प्रिय पुत्र है ... इसकी सुनो!''

इस अवसर पर, सीनै पर्वत पर इस्राएल की तरह ये तीन प्रेरित भी डरे हुए थे। वे अपने मुंह के बल गिर गए थे। फिर यीशु ने उन्हें छुआ और उन्होंने इधर-उधर झांककर ''यीशु को छोड़ और किसी को न देखा'' (मत्ती 17:8)। मूसा और एलिय्याह जा चुके थे; उन्होंने उसके पक्ष में अपना अधिकार त्याग दिया था।

सारांश

परमेश्वर के वचन में हमें सिखाया गया है कि तीन क्षेत्र हैं अर्थात पृथ्वी का, बीच का, और अनन्तकाल का। रूपान्तरण की सबसे दिलचस्प बातों में से एक यह है कि इनमें से प्रत्येक क्षेत्र को दिखाया गया था। क्या ऐसी संगति कभी और कहीं हुई है? उस दृश्य को देखते हुए, हमें जीवन उपरान्त बातों पर विश्वास करना पड़ता है। इन तीन गवाहों में से एक, यूहन्ना ने बाद में लिखा कि एक दिन हम भी मसीह के जैसे होंगे, ''क्योंकि उसको वैसा ही देखेंगे जैसा वह है'' (1 यूहन्ना 3:2)।

पाद टिप्पणियां

[1]मरकुस 9:2-8 तथा लूका 9:28-36 में समानांतर विवरण देखिए। [2]याइर की बेटी को जिलाने (मरकुस 5) और गतसमनी में प्रार्थना करने के समय (मत्ती 26) पतरस, याकूब और यूहन्ना भी यीशु के पास थे। [3]अर्थात, एलिय्याह को बिना मृत्यु का स्वाद चखे स्वर्ग में उठा लिया गया था। हनोक को भी उठा लिया गया था (इब्रानियों 11:5)।